# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 06.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा देवघर दौरे के दूसरे दिन आज बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा–अर्चना, पार्टी के दो नये कार्यालय भवनों का किया उद्घाटन।**
2. **एसआईआर के विरोध पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्ष पर बोला हमला, कहा–मतदाता सूची का शुद्धिकरण है उदेश्य।**
3. **देश में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए उठाये व्यापक कदम, देश में कुल 37 रेलगाडियों में लगाये गये 116 अतिरिक्त डिब्बे।**
4. **लंबित आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर राज्य की डीजीपी गंभीर, पांच आईपीएस अफसरों को सौंपी गयी खास जिम्मेवारी।**
5. **भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महापरिनिर्वाण दिवस पर अर्पित की पुष्पांजलि।**

********************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा देवघर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की।

बाद में उन्होंने देवघर में पार्टी के नये कार्यालय भवन का उदघाटन भी किया। श्री नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से गुमला में भी पार्टी के नये कार्यालय का शुभारंभ किया। दोपहर बाद वे देवीपुर स्थित एम्स का निरीक्षण करेंगे और वहां के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे।

********************

विपक्ष द्वारा एसआईआर का विरोध करने पर गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उदेश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण है, न कि चुनावी लाभ लेना।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी समन अवहेलना मामले में आज रांची स्थित एमपी–एमएलए विशेष अदालत में पेश होंगे। झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें दोपहर 2 बजे अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि आगे की तिथियों पर मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट रहेगी। हालांकि किसी विशेष परिस्थिति में कोर्ट चाहे तो शारीरिक रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी उपस्थिति अनिवार्य हो सकती है।

********************

विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर आज राजधानी रांची के होम्योपैथिक नैदानिक अनुसंधान इकाई में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। डा सुनील प्रसाद सिंह ने बताया कि इकाई के ओपीडी से हर वर्ष हजारों लाभान्वित होते हैं। उन्होंने बताया की वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता वाला होम्योपैथी शोध करना इकाई का लक्ष्य है।

********************

देश में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद यात्रियों की बढ़ती माँग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने सुगम यात्रा और पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। देश में कुल 37 रेलगाडियों में 116 अतिरिक्त डिब्बे लगाए गए हैं। दक्षिण रेलवे ने सबसे ज़्यादा डिब्बे बढ़ाए हैं, जिससे 18 रेलगाडियों की क्षमता बढ़ी है। इधर, विमानन कंपनी इंडिगो के ऑपरेशनल संकट में थोड़ा सुधार आया है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने आज से उडानों के समय पर परिचालन की आशा व्यक्त की।

********************

राज्य की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने सभी जिलों में लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा और उनके त्वरित निपटारे के लिए राज्य के पांच वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 15 दिनों के भीतर अपने–अपने रेंज के सभी जिलों में लंबित कांडों की समीक्षा करें और पुलिस कार्रवाई पूरी कराएं। जिन आईपीएस अधिकारियों को यह जिम्मेवारी सौंपी गयी है, उनमें आईजी मनोज कौशिक, डीआईजी वाई एस रमेश, –डीआईजी कार्तिक एस, डीआईजी चंदन झा और एसपी एहतेशाम वकारीब शामिल हैं।

********************

हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम कारोबारी विनय सिंह से आज भी पूछताछ करेगी। विनय सिंह वर्तमान में हजारीबाग जेल में बंद हैं। एसीबी ने कल भी विनय सिंह से पूछताछ की थी। यह पूछताछ अभी दो दिनों तक और जारी रहेगी। इस विस्तृत पूछताछ का मकसद इस बड़े भूमि घोटाले में कथित तौर पर शामिल रहे आईएएस विनय चौबे की भूमिका और संलिप्तता के संबंध में जानकारी जुटाना है।

********************

गिरिडीह जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सौ दिनों का विशेष अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है।

********************

देश आज भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे।

********************

महापरिनिर्वाण दिवस पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज नई दिल्ली स्थित संसद परिसर में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने पीढ़ियों को मानवीय गरिमा को बनाए रखने और लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 20 हजार पांच सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 87 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 11 जिलों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहर, चतरा, गुमला, सिमडेगा, कुंठी, रांची, बोकारो, रामगढ़ और लोहरदगा के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

********************

18वीं स्नूकर और पुल चैंपियनशिप 17 से 21 दिसंबर तक रांची के बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आयोजित किया जायेगा। चैंपियनशिप में बिलियड्र्स और मास्टर स्नूकर से संबंधित कई इवेंट होंगे। चैंपियनशिप में झारखंड के अलावा बिहार और ओडिसा के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

*******समाप्त********